राजस्थान सरकार

न्यायालय तहसीलदार खेतड़ी जिला झुंझुनूं (राज.)

पीठासीन अधिकारी :– कृष्ण सिंह
मिसल नम्बर :– **04 / 2021**

सरकार

बनाम

रामसिंह पुत्र श्री सरदाराराम जाति कुम्हार निवासी दूधवा तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज0।
....................गैर सायल

(अन्तर्गत धारा 91 एल.आर.एक्ट–1956)

दिनांक :– 10–02–2021

–: निर्णय :–

पत्रावली पेश हुई। गैर सायल को आवाज दिलवाई गई। आवाज पर कोई हाजिर नही। आगे पत्रावली का अवलोकन किया तो जाहिर हुआ है कि पटवारी हल्का दूधवा नांगलिया के द्वारा इस आशय की रिपोर्ट पेश की गई है कि **राजस्व ग्राम दूधवा** स्थित राजकीय भूमि खसरा नम्बर 2740 / 1270 रकबा 0.44 हेक्टेयर किस्म गैर मुमकीन कब्रिस्तान के रकबा 0.01 हेक्टेयर भूमि पर गैर सायल रामसिंह पुत्र श्री सरदाराराम जाति कुम्हार निवासी दूधवा तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज0 ने कूड़ा कचरा डालकर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर लिया है। जिनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जावे।

मुताबिक रिपोर्ट पटवारी के गैर सायल के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर अतिक्रमी के नाम सबूत एवं सुनवाई हेतु राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 91 के तहत नोटिस जारी किया गया। न्यायालय हाजा से जारी नोटिस गैर सायल के भाई रामसिंह पुत्र सरदाराराम से द्वारा तामिल प्राप्त हुआ जो की सूचना हेतु पर्याप्त है। नोटीस तामील के बावजूद गैर सायल अनुपस्थित।

पत्रावली पर उपलब्ध प्रलेखीय दस्तावेजात् एवं पटवारी रिर्पोट का ध्यानपूर्वक अवलोकन मनन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि गैर सायल रामसिंह पुत्र श्री सरदाराराम जाति कुम्हार निवासी दूधवा खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज0 ने **राजस्व ग्राम दूधवा** स्थित राजकीय भूमि खसरा नम्बर 2740 / 1270 रकबा 0.44 हेक्टेयर किस्म गैर मुमकीन कब्रिस्तान के रकबा 0.01 हेक्टेयर भूमि पर कुड़ा कचरा डालकर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर लिया है। गैर सायल को राजकीय भूमि को अनाधिकृत रूप से अपने अधिभोग में लेने या रखने का कोई विधिक अधिकार नहीं है। राजकीय भूमियां राजकीय प्रयोजनों के लिए सुरक्षित रखी गई है।

अतः पटवारी हल्का दूधवा नांगलिया की रिर्पोट स्वीकार किया जाना न्यायोचित पाया जाता है।

(लगातार) तहसीलदार खेतड़ी
जिला- झुंझुनूं (राज.)

मिसल नम्बर 04/2021
निर्णय दिनांक 10—02—2021

—: आदेश :—

अतः प्रकरण में गैर सायल की अनुपस्थिति में गैर सायल के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर मुताबिक रिपोर्ट पटवारी हल्का दूधवा नांगलिया के प्रश्नगत भूमि पर गैर सायल को अतिक्रमी घोषित किया जाकर **राजस्व ग्राम दूधवा** स्थित राजकीय भूमि खसरा नम्बर 2740/1270 रकबा 0.44 हेक्टेयर किस्म गैर मुमकीन कब्रिस्तान के रकबा 0.01 हेक्टेयर पर से **बेदखल** किया जाता है तथा गैर सायल से शरह लगान 1 रूपये का 50 गुणा = 50/- रूपये तावान कायम व वसूली का आदेश दिया जाता है। तहसील राजस्व लेखाकार से राजस्व लेखों में मांग कायमी व पटवारी हल्का दूधवा नांगलिया से तावान की वसूली करवाई जावे। गैर सायल की **राजस्व ग्राम दूधवा** स्थित राजकीय भूमि खसरा नम्बर 2740/1270 रकबा 0.44 हेक्टेयर किस्म गैर मुमकीन कब्रिस्तान के रकबा 0.01 हेक्टेयर भूमि पर से भौतिक मौका बेदखली हेतु सम्बन्धित भू–अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारी हल्का के नाम निर्णय की पालना हेतु तहरीर जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 10—02—2021 को खुले न्यायालय सुनाया गया।

(कृष्ण सिंह)
तहसीलदार खेतड़ी
जिला- झुन्झुनू (राज.)

पत्रावली की मांग कायमी खाते 4 वर्ष 2020-21 पृष्ठ 90 राशि 50/- कर दी गई है